**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 10 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

अंतरिक्ष अनुसंधिक प्रयोगों के लिए एक्सिअम स्पेस कंपनी के चौथे मिशन की रवानगी एक दिन के लिए स्थगित कर दी गयी है। खराब मौसम के कारण यह निर्णय लिया गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बताया कि अब एक्सिअम - 4 मिशन भारतीय समयानुसार कल शाम साढ़े पांच बजे केप कैनेवरल के कैनेडी स्पेस सेंटर से भेजा जाएगा

*****************************************************************

देश में पिछले एक दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के तहत उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम पर्यावरण संरक्षण पर की दिशा में विकास प्रयासों की जानकारी दे।

पिछले दशक में भारत ने एक ऐसा विकास मॉडल अपनाया है जो पर्यावरण संरक्षण को समावेशी विकास के साथ जोड़ता है। नदियों को पुनर्जीवित करने से लेकर पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने और हरित बुनियादी ढाँचा बनाने तक देश ने एक मजबूत प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। नमामि गंगे मिशन दुनिया के सबसे बड़े नदी कायाकल्प कार्यक्रमों में से एक है। इसने जल की गुणवत्ता में सुधार किया है, जैव विविधता को बढ़ाया है और गंगा के पुनरुद्धार में स्थानीय भागीदारी को प्रोत्साहित किया है। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन और गोबरधन योजना ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन को बदल दिया है। गोबरधन योजना जैविक कचरे को बायोगैस और खाद में बदलने को बढ़ावा देती है, जो स्वच्छता और ऊर्जा आत्मनिर्भरता दोनों का समर्थन करती है। एक पेड़ माँ के नाम जैसे अभियानों ने नागरिकों को पर्यावरणीय कार्रवाई के लिए प्रेरित किया है। देशभर में एक सौ 42 करोड़ से अधिक पेड़ लगाए गए हैं, जो कार्बन अवशोषण और पारिस्थितिक बहाली में योगदान करते हैं। भारत ने वन्यजीव संरक्षण में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। प्रोजेक्ट चीता, प्रोजेक्ट लॉयन और विस्तारित प्रोजेक्ट टाइगर जैसी पहल आवास विकास और प्रजातियों की बहाली पर ध्यान केन्द्रित करती हैं। भारत में अब तीन हजार छह 82 बाघ हैं, जो दुनिया की जंगली बाघ आबादी का 75 प्रतिशत से अधिक है। भारत में वर्तमान में 91

रामसर स्थल हैं, जो एशिया में सबसे अधिक है। इस दौरान तटीय और आर्द्रभूमि संरक्षण ने भी गति पकड़ी है। 13 भारतीय समुद्र तटों ने प्रतिष्ठित ब्लू फ्लैग प्रमाणन अर्जित किया है, जबकि अमृत धरोहर और मिष्टी जैसी योजनाएं आर्द्रभूमि और मैंग्रोव के संरक्षण को आगे बढ़ा रही हैं। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।

*************************************************************************

केंद्रीय सूचना और प्रसारण तथा संसदीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन नेकहा है कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मेंमहत्वपूर्ण विकास और सुशासन देखा है। पुद्दुचेरी में संवाददाता सम्मेलन को संबोधितकरते हुए उन्होंने कहा कि देश भ्रष्टाचार और कमजोर प्रशासन के एक युग से निकल कर पारदर्शी और जन-केंद्रित शासन में परिवर्तित होगया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। डॉ. मुरुगन ने कहा कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याणऔर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता दी है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 केहटाए जाने के बाद विकास और ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी के सफल उपयोगऔर नक्सल गतिविधियों में गिरावट के लिए मोदी सरकार की सराहना की।

*************************************************************************

हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में कल हुई सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक में सोनीपत महानगर क्षेत्र में बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं हेतु वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 349 करोड़ 80 लाख रुपये के बजट को मंजूरी दी गई।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नगर निगम सोनीपत के नए भवन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए और जोर दे कर सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण का कार्यालय नगर निगम भवन बनने के बाद उसमें स्थानांतरित करने को कहा ताकि नागरिकों को अपने कार्यों के लिए अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

बैठक में प्राधिकरण ने सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के तत्वावधान में एक एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र की स्थापना एवं निगरानी को भी मंजूरी प्रदान की